8

मेला

श्यामा शिवपुर का मेला देखने जा रही है। उसने नई फ्रॉक पहन रखी है।

श्यामा – माँ–माँ, जल्दी चलो, नहीं तो अब्दुल चाचा की गाड़ी में जगह नहीं मिलेगी।

माँ – तुम खाना तो खा लो।

श्यामा–नहीं, मुझे भूख नहीं है। पिता जी भी देर लगा रहे हैं। उन्होंने तो अभी तक नये कपड़े भी नहीं पहने हैं।

पिता जी– तुम लोग चल कर चाचा की गाड़ी में बैठो, मैं भैंस को चारा देकर आता हूँ।

गाड़ी में बहुत से लोग बैठे थे। श्यामा, उसकी माँ और पिता जी भी बैठ गए। गाड़ी चल पड़ी। तभी एक हवाई जहाज शूँ...ऽ की आवाज करता हुआ निकला। बच्चे खुशी से चिल्ला उठे – हवाई जहाज, हवाई जहाज !

कुछ ही देर में मेला पास आ गया। मीनू के बाबा बच्चों को समझाने लगे–मेले में सब एक दूसरे की अँगुली पकड़े रहना, नहीं तो खो जाओगे।

मेले में तरह–तरह की दुकानें थीं। खिलौनों की दुकानें देखकर बच्चे रुक गए। मीनू की माँ बोलीं – पहले मेला घूमो, फिर खिलौने खरीदेंगे। सब लोग मिठाई की दुकान पर गए। वहाँ उन्होंने जलेबी और बर्फी खाई।

मेले में सर्कस लगा था। बच्चों ने सर्कस देखा, फिर वे झूला झूले। एक ओर जादूगर जादू दिखा रहा था।



श्यामा ने चाभी वाला जहाज खरीदा। मीनू ने गाड़ी और अम्बर ने जोकर खरीदा। श्यामा की माँ ने बक्सा खरीदा। पिताजी ने बैलों के लिए घंटी खरीदी। मेला देखने के बाद सभी लोग ट्रॉली से घर को वापस चल दिए।

नेहा बोली – रोज मेला देखने को मिलता तो कितना अच्छा होता ?

अम्बर बोला – रोज मिठाई, रोज समोसा – अहा !

अभ्यास

1. उत्तर लिखो –

क. श्यामा और उसके साथियों ने क्या–क्या देखा एवं खरीदा?

ख. मीनू के बाबा ने बच्चों को क्या समझाया ?

2. बताओ –

क. तुम्हारे आस–पास में मेले कहाँ–कहाँ लगते हैं?

ख. क्या तुम कभी मेला देखने गए हो? क्या–क्या देखा रास्ते में और मेले में ?

ग. मेले में कौन–कौन सी दुकानें होती हैं ?

घ. तुम्हें मेले में दुकान लगानी हो तो किस चीज की लगाओगे?

ङ. यदि तुम मेले में खो जाते तो क्या करते ?

3. बैलगाड़ी शब्द के अन्त में 'गाड़ी' शब्द आता है। ऐसे तीन शब्द तुम भी लिखो जिनके अन्त में 'गाड़ी' आता हो।

4. 'र' अक्षर को हिन्दी भाषा में चार प्रकार से लिखते हैं। उदाहरण के अनुसार तीन–तीन शब्द लिखो–

क.	पूरा	'र' = रमन,	रात	....	....	....
ख.	पूरा	'र' = प्रकार,	ग्रह	....	....	....
ग.	पूरा	'र' = ट्रक,	ड्रम	....	....	....
घ.	आधा	'र' = बर्फ,	सर्प	....	....	....